NT>

Title: Need to provide land belonging to Archaeological Survey of India and also adequate funds to State Government of Bihar for construction of a building to install `Asthikalas' of Lord Budha at Vaishali, Bihar.

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली)ः महोदय, बिहार राज्य में वैशाली भगवान बुद्ध की कर्म-भूमि एवं भगवान महावीर की जन्म-भूमि तथा लिच्छिवी गणराज्य का ऐतिहासिक गौरवशाली स्थान है। वहां पर खुदाई में आज से २-३ हजार वर्ष पहले के सिक्के, बर्तन, भगवान की मूर्तियां एवं भगवान बुद्ध का पवित्र अस्थि कलश मिला है जो पटना के संग्रहालय में रखा हुआ है। राज्य सरकार ने साढ़े तीन करोड़ रुपये का भवन बनाकर भगवान बुद्ध के अस्थि कलश को रखने की योजना बनाई है लेकिन जिस स्थान पर भगवान बुद्ध के अस्थि कलश की स्थापना होनी है वह जमीन भारत सरकार के पुरातत्व विभाग (आर्केलॉजी डिपार्टमेंट) की है। वैशाली का पर्यटन के हिसाब से विकास के लिए सरकार को ध्यान देना आवश्यक है, इसलिए कि वहां पर हर वर्ष हजारों-हजार जापान तथा अन्य देशों से बौद्ध मतावलम्बी आते रहते हैं।

अतः मैं मांग करता हूं कि भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थि कलश की स्थापना के लिए आर्केलॉजी डिपार्टमेंट से जमीन मुहैया करायी जाये और भवन निर्माण के लिए प्राक्कलित राशि का उपबंध भी किया जाये। साथ ही पर्यटन स्थल के विकास के लिए उस स्थान का उसी तरह से विकास किया जाये जिससे अन्तर्राष्ट्रीय यात्रियों को आने-जाने, ठहरने में वहां सहूलियतें हो सकें एवं आम्रपाली के नाम पर एक आम्रवाटिका का सृजन भी किया जाये।